C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 246 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 02 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## सत्ता नहीं, व्यवस्था बदले : सचिन पायलट

### शिवचरण माथुर जयंती पर बदली राजनीति पर खुली बहस, सादगी बनाम सत्ता-सुख पर उठे सवाल






भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

क्या राजनीति सेवा से सत्ता-सुख की ओर मुड़ चुकी है? क्या नीति निर्माण अब चुनिंदा अफसरों के हाथों में सिमटता जा रहा है? ऐसे कई तीखे सवाल रविवार को कांस्टीट्यूशन क्लब में गूंजे, जहां पूर्व मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की बदलती राजनीतिक संस्कृति पर खुलकर मंथन हुआ।


कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने साफ कहा 'सरकार बनाने का मकसद सिर्फ सत्ता सुख नहीं होना चाहिए। मुखिया को 70% समय प्रशासन, क्रियान्वयन और विकास में देना चाहिए, राजनीति के लिए 30% ही काफी है।' उन्होंने इशारों में वर्तमान व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज 80-90% ऊर्जा राजनीतिक समीकरण साधने में खर्च हो रही है।

पायलट ने यह भी कहा कि पॉलिसी मेकिंग का काम कुछ चुनिंदा अधिकारियों तक सीमित होता जा रहा है, जबकि जनप्रतिनिधियों को अपनी स्पष्ट सोच और एजेंडे के साथ नेतृत्व करना चाहिए। 'देश में ऐसे नेताओं की संख्या कम होती जा रही है जो अपने विजन के साथ लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें ।

कार्यक्रम में टोंक-सवाई माधोपुर सांसद हरीश मीणा ने भी बेबाक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पहले राजनीति में सादगी और स्पष्टता थी। आज विधायक-सांसद बनते ही कोठियां और फार्म हाउस खड़े हो जाते हैं, मीणा ने पूर्व सीएम शिवचरण माथुर की सादगी को भी याद किया।मीणा ने पंचायत स्तर तक जातीय समीकरणों के हावी होने पर चिंता जताते हुए कहा कि राजनीति का चरित्र बदल चुका है।

## 99.520 किलो डोडा चूरा जब्त, पंजाब का तस्कर गिरफ्तार





भीलवाड़ा फोकस @ यज्ञपुर

**गजानंद जोशी।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पण्डेर थाना पुलिस एवं डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक ट्रक से 99.520 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी कमलेश के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की 1 मार्च को सुबह 11:18 बजे एनएच-148डी पर नाकाबंदी शुरू की गई। दोपहर करीब 12 बजे मुखबिर सूचना के आधार पर शाहपुरा की ओर से आ रहे ट्रक को रुकवाकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक में रखे चार काले कट्टों में भरा हुआ अफीम डोडा चूरा मिला, जिसका कुल वजन 99.520 किलोग्राम पाया गया।

ट्रक चालक ने अपना नाम कर्णपाल उर्फ गगन सिंह लौहार (33 वर्ष) निवासी जटटा वाला बास, नाबा, जिला पटियाला (पंजाब) बताया। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर ट्रक व मादक पदार्थ जब्त कर लिया। पुलिस में इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

## सांवरिया सेठ से लौटते परिवार पर कहर

### एनएच-148 पर कार पुलिया से 20 फीट नीचे गिरी, पिता-पुत्र की मौत; 4 गंभीर घायल







भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

आस्था से भरी यात्रा एक पल में मातम में बदल गई। चित्तौड़गढ़ स्थित सांवरिया सेठ के दर्शन कर घर लौट रहे परिवार की मारुति वैन नेशनल हाईवे-148 पर अनियंत्रित होकर पुलिया से करीब 20 फीट नीचे जा गिरी। दर्दनाक हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में एक मासूम चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बच गया।

हादसा जिले के गुलाबपुरा थाना क्षेत्र में विजय गौशाला के पास हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर विजयनगर अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उन्हें अजमेर के जेएलएन हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने नोरत जांगिड़ (50) और उनके छोटे बेटे कालू जांगिड़ (30) को मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, लांबा हरि सिंह (टोंक) निवासी नोरत जांगिड़ अपने परिवार के साथ सांवरिया सेठ मंदिर गए थे। 19 फरवरी को बड़े बेटे कमल जांगिड़ की शादी हुई थी। नवविवाहित जोड़े को ढोक लगाने के लिए परिवार शनिवार रात रवाना हुआ और रविवार सुबह दर्शन किए।

रविवार दोपहर करीब 12 बजे वापसी के दौरान विजय नगर के पास कार अचानक बेकाबू होकर पुलिया से नीचे गिर गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई।

### घायलों का इलाज जारी

घायलों में गौरव (11), कोमल (30), इंदिरा देवी (मालपुरा) और यशश्री (6) शामिल हैं। सभी का उपचार जारी है। परिवार के अनुसार, वाहन कालू जांगिड़ चला रहा था। मृतक नोरत के दोनों बेटे बेंगलुरु में कारपेंटर का कार्य करते थे।

घटना की सूचना मिलते ही घर पर मौजूद नोरत की पत्नी ग्यारसी देवी बेसुध हो गई। पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतकों का अंतिम संस्कार सोमवार सुबह किया जाएगा।

## ग्रहण के चलते बदली तिथि, 4 मार्च को होगा श्री चारभुजा नाथ का फूलडोल महोत्सव और धुलंडी का आयोजन



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

श्री चारभुजा नाथ मंदिर में आयोजित होने वाला भगवान श्री चारभुजा नाथ का फूलडोल महोत्सव इस वर्ष निर्धारित तिथि से एक दिन आगे बढ़ा दिया गया है। अब यह महोत्सव 3 मार्च के स्थान पर 4 मार्च, बुधवार को आयोजित होगा।

पंडित शांतिलाल जोशी ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फूलडोल उत्सव 3 मार्च, मंगलवार को होना था, लेकिन उसी दिन ग्रहण होने के कारण मंदिर के कपाट बंद रहेंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण काल में मंदिरों में नियमित पूजा-अर्चना एवं उत्सव कार्यक्रम नहीं किए जाते, इसी कारण महोत्सव की तिथि में परिवर्तन किया गया है।

अब फूलडोल महोत्सव 4 मार्च को सायं 7 बजे मंदिर परिसर से धूमधाम के साथ प्रारंभ होगा। आयोजन को लेकर मंदिर मंडल द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

ग्रहण के कारण इस वर्ष धुलंडी का पर्व भी 4 मार्च को ही मनाया जाएगा, जिससे श्रद्धालु और ग्रामीण एक ही दिन उत्सव में भाग ले सकेंगे। मंदिर परिसर में इस अवसर पर विशेष सजावट और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## महिला सुरक्षा व यातायात नियमों को लेकर विशेष अभियान, फरवरी में 7747 वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई











भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

यातायात पुलिस भीलवाड़ा द्वारा महिला सुरक्षा और यातायात नियमों की सख्त पालना को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान राजस्थान पुलिस की पहल के तहत 1 मार्च को शहरभर में संचालित किया गया।

अभियान के दौरान शहर में चल रही बसों, मिनी बसों, ऑटो, ई-रिक्शा, कैब एवं अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों पर राजकॉप सिटीजन एप के स्टिकर चस्पा किए गए तथा आमजन, विशेषकर महिलाओं को इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एप के माध्यम से आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी, जिससे महिला सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। इसी क्रम में यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की। तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने, दोपहिया पर तीन सवारी बैठाने, नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने तथा ब्लैक फिल्म लगाने जैसे मामलों में मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत चालान किए गए।

फरवरी 2026 में तेज गति के 3448 चालान, शराब पीकर वाहन चलाने पर 77 कार्रवाई, मोबाइल पर बात करने पर 341 कार्रवाई, दोपहिया पर तीन सवारी बैठाने पर 502 कार्रवाई, नो-पार्किंग में 1689 कार्रवाई तथा ब्लैक फिल्म लगे 309 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस प्रकार यातायात शाखा द्वारा फरवरी माह में कुल 7747 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस प्रशासन का कहना है कि शहर में यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्ती जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## लेपर्ड का हमला, युवक हुआ घायल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

गंगापुर उपखंड के खाखला गांव में रविवार दोपहर लेपर्ड के हमले से सनसनी फैल गई। खेत पर पहुंचे एक युवक पर झाड़ियों में घात लगाए बैठे लेपर्ड ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, खेत में मजदूरी कर रहे मोहनलाल भील ने सबसे पहले लेपर्ड को देखा और इसकी सूचना खेत मालिक आदिल मोहम्मद शमसुद्दीन रंगरेज को दी। आदिल अपने साथियों के साथ खेत पहुंचे तो मुख्य फाटक के पास छिपे लेपर्ड ने उन पर हमला कर दिया। हमले में आदिल के सिर और पेट पर चोटें आई हैं।

साथियों ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद घायल को चिकित्सालय पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई है।

सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लेपर्ड की तलाश शुरू कर दी है।

C M Y K

# रंगों व फूलों से सजा फागोत्सव, फाग गीतों पर झूमीं महिलाएं

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।



**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे में ब्राह्मणों की मंदिर पर रविवार को महिला मंडल की ओर से पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सजा भव्य फागोत्सव मनाया गया। फागोत्सव में महिलाओं ने राजस्थानी परंपरा के अनुरूप सजी-धजी वेशभूषा में फूलों व गुलाल की होली खेलकर कार्यक्रम की शुरुआत की। महिलाओं ने फूलों की पंखुड़ियों से ठाकुरजी संग होली खेली। गुलाल और पुष्प वर्षा से वातावरण सुगंध और सौहार्द से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के दौरान चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में महिलाओं ने सामूहिक रूप से लोकगीतों एवं पारंपरिक फाग गीतों का गायन किया। डीजे की मधुर धुनों पर महिलाएं उत्साहपूर्वक थिरकती नजर आईं। गीतों ने होली के रंग, भक्ति और उमंग को और प्रगाढ़ कर दिया। फागोत्सव में राधा-कृष्ण की मनोहारी वेशभूषा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। अनमोल श्रोत्रिय एवं लोचना कुमावत ने राधा-कृष्ण स्वरूप में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर नेहा श्रोत्रिय, गायत्री श्रोत्रिय, राधा श्रोत्रिय, आशा श्रोत्रिय, रेखा शर्मा, सरिता श्रोत्रिय, सुनिता श्रोत्रिय, भगवती श्रोत्रिय, उषा शर्मा, सीमा पाठक, मंजू श्रोत्रिय, कृष्णा श्रोत्रिय, अंजली श्रोत्रिय सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# 26 अप्रैल को होगा धाकड़ समाज का 27 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन, अब तक 34 जोड़ों का पंजीयन

## कार्यकारिणी का हुआ विस्तार, 4 अप्रैल को पूर्व विधायक स्व. विवेक की प्रतिमा का अनावरण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**नरेश धाकड़ ।** ऊपरमाल धाकड़ समाज के 27वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सम्मेलन कमेटी अध्यक्ष ओंकारलाल धाकड़ ने की तथा विवेक सुषमा धाकड़ चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ की उपस्थिति में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में 26 अप्रैल को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की व्यवस्थाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया तथा विभिन्न कार्यों के लिए टेंडर जारी करने का निर्णय लिया गया। कमेटी ने बताया कि सम्मेलन के लिए अब तक 34 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है।

साथ ही आगामी 4 अप्रैल को मांडलगढ़ के पूर्व विधायक स्वर्गीय विवेक धाकड़ की प्रतिमा का अनावरण आदर्श धाकड़ विद्यापीठ परिसर में किए जाने की तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मांगीलाल धाकड़ (हरजीपुरा), कमलेश धाकड़ (छोटा लक्ष्मी खेड़ा), एडवोकेट मनीष धाकड़ (गणेशपुरा), पप्पू लाल धाकड़ (थड़ोदा), जगदीश धाकड़ (माजी साहब का खेड़ा), सुनील धाकड़ (उमाजी का खेड़ा), रामलाल धाकड़ (सदारामजी का खेड़ा), राजू धाकड़ (मकरेड़ी), राजेश धाकड़ (जावदा) तथा मनोज धाकड़ (छोटा नयागांव) को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इसी प्रकार सोहनलाल धाकड़ (माजी साहब का खेड़ा) एवं अनिल धाकड़ (मानपुरा) को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मीडिया प्रभारी के रूप में पत्रकार भंवरलाल धाकड़ (बेरीसाल), अर्जुन धाकड़ (लक्ष्मी खेड़ा) तथा नरेश धाकड़ (देवगढ़) को जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में राजेश धाकड़ (थड़ोदा) को नियुक्त किया गया।

# वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना पर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।



वन विभाग भीलवाड़ा के उपवन संरक्षक मारिया साइन ए. के निर्देश में राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना के तहत मेनाल नाका में ग्राम वन सुरक्षा एवं प्रबंधन समिति का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य इस कार्यक्रम में परियोजना क्षेत्र से 6 समितियों के कार्यकारी सदस्यों ने भाग लिया।कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी मांडलगढ़ मनेंद्र पाल सिंह ने विभाग की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी तथा सदस्यों को वन विभाग के प्रति जागरूक किया । इस कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक राधेश्याम कुमावत ने आर एफ बी डी पी परियोजना के बारे में बताया कि यह राजस्थान वन विभाग की एक अग्रणी परियोजना है जो पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में चल रही है । जिसमें भीलवाड़ा जिले के कुल 80 गांव सम्मिलित है द्य इन्होंने ग्राम वन सुरक्षा एवं प्रबंधन समिति का गठन, पंजीकरण, समिति के सदस्यों का निर्वाचन एवं कार्य प्रणाली, बैठक, रिकॉर्ड संधारण एवं सूक्ष्म ग्राम नियोजन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में ग्राम वन सुरक्षा एवं प्रबंधन समितियां कास्या, काली घाटी, जापरपुरा, आरोली, नया नगर, मांगथला के सभी सदस्य एवं मांडलगढ़ रेंज से रविन्द्र सिंह वनपाल, नंद सिंह वनपाल आरोली, लक्ष्मण सिंह वनपाल तिलस्वा, लोकेंद्र सिंह वनपाल मेनाल एवं सभी वनरक्षक उपस्थित हुए ।

# त्योहारों को लेकर सीएलजी बैठक, भाईचारे व शांति की अपील

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर व अतिक्रमण का मुद्दा भी उठा

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के बड़लियास थाना मुख्यालय पर रविवार को आगामी त्योहारों के मद्देनजर सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक थाना प्रभारी मन्नीराम चोयल की उपस्थिति में थाना परिसर में संपन्न हुई।

बैठक में होली, शीतला सप्तमी एवं ईद जैसे आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने सभी समुदायों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहभागिता का आग्रह किया।

इस दौरान सदस्यों ने कस्बे से गुजरने वाले अवैध बजरी के खाली ट्रैक्टरों की तेज रफ्तार पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ये वाहन अत्यधिक गति से निकलते हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सदस्यों ने कस्बे में स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग रखी। इसके साथ ही मुख्य चौराहे पर हो रहे अतिक्रमण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। उपस्थित लोगों ने अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

बैठक में ओमप्रकाश काबरा, लादूलाल व्यास, जगदीश शर्मा, जगदीश पोरवाल, जाकिर हुसैन, मोइनुद्दीन मंसूरी, नजीर मोहम्मद, सलीम मोहम्मद, गोपाल बलाई, जमनालाल जाट, शिव जोशी, कालू रेगर, नारायण गुर्जर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने मनाया फाग एवं चंग महोत्सव, फूलों की होली से सराबोर हुआ माहौल





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

एडवोकेट स्नेह परिवार द्वारा होली के शुभ अवसर पर संगीत कला केंद्र हॉल में अधिवक्ताओं के लिए फाग एवं चंग महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयोजक टीम एडवोकेट पीरू सिंह गौड़, अनिल कुमार पारीक, नवनीत कुमावत, अनीता व्यास, ममता दाधीच, राजकुमार सोनी, बालू लाल उपाध्याय, सरिता स्वर्णकार एवं सूर्यप्रकाश सरगरा ने राधा-कृष्ण, माँ सरस्वती एवं श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प-गुलाल अर्पित कर किया। मान्यता कंवर, शिवना व्यास एवं यशस्वी कंवर ने सभी अधिवक्ताओं का गुलाल से तिलक किया।

कार्यक्रम में एडवोकेट अनीता व्यास ने कृष्ण, एडवोकेट राजेश्वरी शर्मा ने राधा तथा एडवोकेट बालू लाल उपाध्याय ने सुदामा की भूमिका निभाई। एडवोकेट कन्हैयालाल खारोल, भूपेंद्र सिंह चारण, पल्लवी गुप्ता, ममता दाधीच, निशा राजपूत, ममता लक्षकार एवं निशा कंवर गौड़ ने श्रीकृष्ण, सांवरिया सेठ, खाटू श्याम एवं महाकाल के भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर सभी अधिवक्ता झूम उठे। महिलाओं ने फाग गीतों पर सामूहिक नृत्य किया, वहीं पुरुष अधिवक्ताओं ने चंग की धुन पर नृत्य का आनंद लिया।

कार्यक्रम में फूलों की होली खेली गई। चाय-नाश्ते के साथ सामूहिक भोजन का भी आयोजन किया गया, । कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट भूपेंद्र सिंह चारण एवं पीरू सिंह गौड़ ने किया।

इस अवसर पर एडवोकेट नवीन चेचाणी, कन्हैयालाल तेली, सुधीर डांगी, बालकिशन साहू, सुरेश व्यास, महावीर आचार्य, सीमा अहीर, मनीष बुलिया, किरण सोनी, दीपक चतुर्वेदी, अंकित टेलर, मनोहर लालवानी, शीबा जॉन, पदिनेश जैन, दीपक खूबवानी, परमेंद्र सिंह चौहान, ललित वर्मा, कमलेश वर्मा, निशा राजपूत, ममता स्वर्णकार, सुमित माली, विशाल गौतम, रामपाल बाल्दी, संजय रांका, विश्वास वैष्णव, जयदीप सिंह राणावत, अमित त्रिवेदी, अजय माहेश्वरी, सीमा शर्मा, मुकेश शर्मा, अभिषेक औझा, आरती कुमावत, गोपाल लोढ़ा, नीलेश वैष्णव, पुखराज वैष्णव, सुनीता कंवर राठौड़, राकेश सोनी, अमीषा, शिवप्रकाश भट्ट, तमन्ना सुवालका, संगीता सुवालका, वंदना आमेटा, प्रताप तेली सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# चंवरा बालाजी परिसर में 6.5 मंजिला विशाल पक्षी घर तैयार, 700 घोंसलों से मिलेगा सुरक्षित आश्रय

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।



मेवाड़ क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बड़लियास के निकट स्थित चंवरा के बालाजी मंदिर परिसर में निर्मित 6.5 मंजिला विशाल पक्षी घर का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इस अनूठी पहल से क्षेत्र में पक्षी संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

नवनिर्मित पक्षी घर में करीब 700 घोंसले बनाए गए हैं, जो विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करेंगे। यह पक्षी घर जमीन से लगभग 56 फीट ऊंचा है तथा इसकी चौड़ाई करीब 6.5 फीट रखी गई है। ऊंचाई और संरचना को इस प्रकार तैयार किया गया है कि पक्षियों को सुरक्षित व अनुकूल वातावरण मिल सके। इस जनहितकारी और पुण्य कार्य पर कुल 4 लाख 40 हजार रुपये की लागत आई है। निर्माण कार्य में भक्तों और श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से दान देकर सक्रिय सहयोग किया, जिससे यह परियोजना साकार हो सकी। पक्षी घर के पूर्ण होने पर स्थानीय ग्रामीणों, श्रद्धालुओं और पर्यावरण प्रेमियों में हर्ष का माहौल है।

# कंजर भातु समाज का रक्तदान शिविर, 48 यूनिट रक्त संग्रह



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**रमेश गुर्जर ।** श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ परिसर स्थित वैष्णो देवी धर्मशाला में कंजर जाति भातु समाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज के युवाओं एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 48 यूनिट रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर के साथ ही क्षेत्र में धर्मशाला निर्माण को लेकर एक बैठक भी आयोजित की गई। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने ट्रस्ट से धर्मशाला निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने की मांग रखी।

कार्यक्रम में कंजर भातु समाज के अध्यक्ष लाभचंद कंजर, उपाध्यक्ष रामचंद्र कंजर चेची, सीताराम कंजर, बालूराम कंजर (सेवानिवृत्त एडवोकेट), एएसआई रामपाल कंजर, जिला अध्यक्ष विकास कंजर (भीलवाड़ा), प्रेमचंद कंजर, शिक्षण अर्जुन कंजर, दिनेश कंजर, सुरेंद्र कंजर सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान की ओर से अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, मेंढकेश्वर महादेव के महंत श्री नंदकिशोर महाराज एवं संस्थान सदस्यगण भी मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि समाज की ओर से किसी भी प्रकार के गैरकानूनी कार्यों को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा तथा शक्तिपीठ परिसर में सेवा और सहयोग की भावना बनाए रखी जाएगी।

# चांदगढ़ भेरुनाथ मंदिर में मूर्ति स्थापना महोत्सव का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

चांदगढ़ गांव स्थित भेरुनाथ मंदिर में रविवार से मूर्ति स्थापना एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आयोजन की शुरुआत 101 कलश यात्रा के साथ की गई। कलश यात्रा मंदिर से रवाना होकर बनास नदी पहुंची, जहां से श्रद्धालुओं ने 101 कलशों में पवित्र जल भरकर पुनः मंदिर लाकर स्थापित किया। इसके बाद 5 कुंडीय यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी गई और गांव की सुख-समृद्धि की कामना की गई। पांच दिनों तक जोड़े बैठकर विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। बीज के दिन विशेष पूजा-अर्चना एवं पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।



QUICK BITES

## सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर मीणा समाज की अहम बैठक आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**मानव तिवारी।** सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन को लेकर मीणा समाज की बैठक मीणा छात्रावास में सोजी राम मोटिस की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में टेंट, लाइट, डेकोरेशन, हलवाई, कैटर्स, बक्सा सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए निविदा जारी करने पर सहमति बनी। साथ ही सम्मेलन के लिए लोहे के बक्से तैयार कराने का प्रस्ताव भी लिया गया।

समाज के पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों ने आयोजन को सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने तथा सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए भी अभियान चलाने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जगदीश, रतिराम, प्रकाश, कैलाश, शंभू, फूलचंद, वेदराज, उपकार, भंवर, हीरा, नारायण, लोकेश सहित कई समाजबंधु उपस्थित रहे।

## महेश स्पोर्ट्स एकेडमी का लोकार्पण, खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शहर में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देते हुए श्री महेश सेवा समिति द्वारा स्थापित महेश स्पोर्ट्स एकेडमी का भव्य लोकार्पण पद्मश्री एवं सोलर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के चेयरमैन सत्यनारायण नुवाल ने किया। समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल, संगम ग्रुप के चेयरमेन रामपाल सोनी, अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन एवं महेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

नुवाल ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास आवश्यक है और यह एकेडमी युवाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश नराणीवाल एवं सचिव राजेंद्र कचोलिया ने बताया कि एकेडमी में आधुनिक इनडोर-आउटडोर सुविधाएं, प्रशिक्षित कोच एवं नियमित प्रशिक्षण सत्र उपलब्ध रहेंगे।

समारोह में छात्र-छात्राओं ने शिव व कृष्ण लीलाओं पर नृत्य, रामायण आधारित प्रस्तुति और प्रेरक नाट्य मंचन से कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

## राधे नगर में रंग और भक्ति संग सजा भव्य फागोत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शहर के पुर रोड स्थित राधे नगर में फाल्गुन मास के उपलक्ष्य में भव्य फागोत्सव मनाया गया। मंदिर परिसर गुलाल, पुष्प वर्षा और श्रीकृष्ण-राधा के जयघोष से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत पूजन-अर्चन से हुई, इसके बाद फाग और होली के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। 'आज बिरज में होली रे रसिया' सहित कई भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

फूलों की होली और पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं के नृत्य ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। राधा-कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। ज्योति छीपा ने कृष्ण और ज्योति लोहार ने राधा का रूप धारण कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। अंत में सामूहिक आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान अनुराधा शर्मा, लीला छीपा, निर्मला वैष्णव, दुर्गा कंवर, कृष्णा जांगिड़, माया लोहार सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# आसींद में स्वच्छता की नई पहल: अधिकारी खुद उतरे मैदान में

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

नगर पालिका आसींद द्वारा शहर को कचरा मुक्त बनाने और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की गई है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत नगरपालिका प्रशासन अब धरातल पर उतरकर स्वच्छता के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए नगर पालिका के सहायक अभियंता प्रवीण कुमार बमनावत और कनिष्ठ अभियंता राजमल गुर्जर ने स्वयं ऑटो टीपर चलाकर शहर के विभिन्न वार्डों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर और दुकानों पर जाकर लोगों से अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने की अपील की। नागरिकों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग पात्रों में एकत्रित करने तथा ऑटो टीपर में कचरा डालते समय उसे निर्धारित खानों में ही डालने की जानकारी दी, ताकि कचरे का सही निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

अधिशाषी अधिकारी विकास कुमावत ने बताया कि स्वच्छता अभियान में सफाई मित्रों के साथ-साथ कार्यालय




के सभी कर्मचारी पूरी तत्परता से जुटे हुए हैं। सामूहिक प्रयासों के चलते शहर के मुख्य बाजार और मार्ग रात्रिकालीन सफाई के कारण पहले से अधिक स्वच्छ नजर आने लगे हैं।

आसींद को 'सीटीयू मुक्त' और पूर्णतः स्वच्छ बनाने के लिए प्रत्येक कर्मचारी की जवाबदेही तय की गई है। सभी कर्मचारियों को अलग-अलग वार्डों की निगरानी सौंपी गई है और वे कार्यालय समय से पहले एवं बाद में भी प्रातःकालीन व रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सफाई मित्रों के साथ समन्वय स्थापित कर कचरा संग्रहण और सड़कों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जा रही है।

नगरपालिका प्रशासन ने शहरवासियों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है, ताकि 'हमारा आसींद स्वच्छ आसींद' का संकल्प मिलकर साकार किया जा सके।

# स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

उपखंड के एकमात्र सीबीएसई से मान्यता प्राप्त राजकीय विद्यालय स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल आसींद में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

प्रधानाचार्य डॉ. तुलसीराम कुमावत ने बताया कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के परिपत्र के अनुसार कक्षा 1 से 9 तक में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 6 मार्च से 16 मार्च तक प्राप्त किए जाएंगे।

कक्षा 1 और कक्षा 6 में 40-40 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा, जिनमें 18 सीटें छात्रों तथा 22 सीटें छात्राओं के लिए निर्धारित हैं। अन्य कक्षाओं में प्रवेश केवल सीट रिक्त होने की स्थिति में ही दिया जाएगा।

कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों का चयन 19 मार्च को लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। वहीं कक्षा 9 में प्रवेश के लिए 18 मार्च को प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। इस परीक्षा में कक्षा 8 स्तर के 100 बहुविकल्पीय




प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें गणित के 30, विज्ञान के 30, अंग्रेजी के 20, हिंदी के 10 तथा सामान्य ज्ञान के 10 प्रश्न शामिल होंगे।

प्रवेश हेतु आवेदन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, गत कक्षा की अंकतालिका, वर्तमान कक्षा का अध्ययनरत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा विशेष योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। सभी दस्तावेजों में विद्यार्थी का विवरण समान होना आवश्यक है।

पंजीयन हेतु आवेदन पत्र विद्यालय समय में उपस्थित होकर निशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।

# स्वच्छता और अतिक्रमण मुक्ति का संदेश लेकर भीलवाड़ा में निकली साइकिल रैली

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,**

**मूलचन्द पेसवानी।** शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को उत्साहपूर्वक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का आयोजन नगर निगम भीलवाड़ा एवं भीलवाड़ा साइकिल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

भीलवाड़ा साइकिल क्लब के प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने बताया कि रैली को नगर निगम टाउन हॉल परिसर से उद्योगपति एवं समाजसेवी तिलोकचंद छाबड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए




पुनः नगर निगम परिसर पहुंचकर संपन्न हुई।इस अवसर पर नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी शिव कुमार गारू, मुख्य सेनेटरी इंस्पेक्टर एवं अतिक्रमण शाखा प्रभारी संजय खोखर, एसआई छोटूलाल चन्नाल, मुकेश घावरी सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

रैली के दौरान प्रतिभागियों ने 'ग्रीन भीलवाड़ा क्लीन भीलवाड़ा, अतिक्रमण मुक्त बने भीलवाड़ा' तथा 'पर्यावरण बचाओ पॉलिथीन हटाओ' जैसे जन-जागरूकता के नारे लगाकर पूरे शहर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समाजसेवी तिलोकचंद छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे अभियान निरंतर चलते रहने चाहिए, तभी वास्तविक सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता एवं अतिक्रमण हटाने के प्रयासों में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

वरिष्ठ नागरिक मंच के मदन खटोड़ ने कहा कि नई पीढ़ी को यह संस्कार देना आवश्यक है कि वे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करें। मुख्य सेनेटरी इंस्पेक्टर संजय खोखर ने बताया कि अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा।

नगर विकास न्यास के पूर्व अधीक्षण अभियंता एस.एस. गंभीर ने भी अभियान की सराहना करते हुए समय-समय पर ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता बताई।

रैली में अरुण संतोष मुछाल, मदन खटोड़, एस.एस. गंभीर, मनोज तुलसानी, जिनेन्द्र चौधरी, सत्यनारायण राठी, मनोहर डुमोलिया, मुकेश कुमावत, अशोक राठी, दिनेश भट्ट, लीलाराम आडवाणी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# अणुव्रत दिवस पर शाहपुरा में गूंजा 'तुलसी सिंहनाद', नैतिक मूल्यों का लिया संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी।** आचार्य तुलसी द्वारा प्रवर्तित अणुव्रत आंदोलन की उजली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अणुव्रत समिति ने अणुव्रत विश्व भारती के तत्वावधान में रविवार को मातृछाया शाहपुरा में आचार्य तुलसी का 112वां जन्मोत्सव अणुव्रत दिवस संगोष्ठी के रूप में श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाया। कार्यक्रम समिति अध्यक्ष रामस्वरूप काबरा के सान्निध्य में संपन्न हुआ।संगोष्ठी में मुख्य अतिथि शिक्षाविद बालकृष्ण पंचोली तथा संचिना कला संस्थान के अध्यक्ष रामप्रसाद पारीक रहे। विशिष्ट उपस्थिति में समिति के पूर्व अध्यक्ष सोमेश्वर व्यास, विक्रम सिंह शक्तावत, एडवोकेट जितेंद्र पाराशर,



दिनेश बलाई, सांवरिया लाल गाडरी, कोषाध्यक्ष कैलाशचंद्र शर्मा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी शंकरलाल जोशी, पूर्व शिक्षा उपनिदेशक तेजपाल उपाध्याय, विष्णुदत्त शर्मा, जगदीश जाट, पूर्व बैंक मैनेजर अखिल व्यास, जीवराज जाट सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

संचिना अध्यक्ष रामप्रसाद पारीक ने कहा कि वर्तमान समय में अणुव्रत के सिद्धांतों पर चलना चुनौतीपूर्ण अवश्य है, किंतु संयम और मर्यादा का मार्ग ही सच्चे साहस का परिचायक है। 'तुलसी सिंहनाद' विषय पर वक्ताओं ने संयम, सत्य और सदाचार को जीवन में उतारने का आह्वान किया।कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने नैतिक मूल्यों के पालन का सामूहिक संकल्प लिया। उर्मिला कुम्हार ने अणुव्रत गीत प्रस्तुत किया, जबकि ओमप्रकाश माली अंगारा ने गीत की विस्तृत व्याख्या कर उसके जीवनोपयोगी संदेशों को सरल शब्दों में समझाया।

समिति अध्यक्ष रामस्वरूप काबरा ने आचार्य तुलसी के आदर्शों को जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। मंत्री गोपाल पंचोली ने आत्मशुद्धि और समाज-शुद्धि को सच्ची श्रद्धांजलि बताते हुए कहा कि अणुव्रत के माध्यम से छोटे-छोटे संकल्प अपनाकर मानव जीवन में नैतिकता की मजबूत नींव रखी जा सकती है। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने 'संयममय जीवन हो' अणुव्रत गीत का सामूहिक गायन किया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। अंत में अध्यक्ष काबरा ने घोषणा की कि आगामी मई माह में शाहपुरा में अणुव्रत आंदोलन को और अधिक गतिशील बनाने हेतु सात दिवसीय अणुव्रत शिविर आयोजित किया जाएगा।

## चौथ माता परिसर में वसीटा धोबी समाज ने मनाया फाल्गुन महोत्सव



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

वसीटा धोबी समाज की महिला मंडल द्वारा चौथ माता परिसर में पहला फाल्गुन महोत्सव उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राधा-कृष्ण के पूजन से हुई। इसके बाद महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। परिसर जयघोष और रंग-गुलाल से सराबोर नजर आया।

महोत्सव के दौरान महिलाओं ने आपस में एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की



शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक उल्लास के साथ फाल्गुन पर्व का आनंद लिया।

## महिलाओं ने फूलों की होली खेलकर मनाया फागोत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

फाल्गुन मास के अवसर पर नई परासोली में महिला मंडल के तत्वावधान में फाग उत्सव का आयोजन किया गया। महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण के स्वरूप के समक्ष पारंपरिक फाग गीतों के साथ नृत्य करते हुए होली खेली और भजनों के माध्यम से भक्ति रस में सरोबार वातावरण बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान श्री कृष्ण की पूजा के साथ की और गुलाल का टीका लगाकर सबका स्वागत किया गया । महिला मंडल की सीता देवी कुमावत ने बताया कि रविवार सुबह जल्दी ही ग्राम की महिलाओ ने हनुमान जी के मंदिर पर एकत्रित होकर पूजा पाठ किया।फाल्गुन मास के अवसर पर ग्राम की समस्त महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में भजनों के माध्यम से फाग उत्सव की



शुरुआत की महिलाओं ने पारंपरिक भजन गाए और राजस्थानी नृत्य किया। इस अवसर पर लड्डू गोपाल की प्रतिमा के समक्ष पुष्प वर्षा की तथा रंग-बिरंगे फूल और गुलाल से पूरा परिसर महक उठा। इस अवसर पर सीता कुमावत, संध्या शर्मा, सोनू कुमावत, माया कुमावत, लीला कुमावत, सुमित्रा कुमावत आशा रॉय, रिंपा रॉय, मनाली शर्मा आदि महिलाएं समूह में उपस्थित रही ।

# इन्टेक गवर्निंग कॉन्सिल मेंम्बर्स चुनाव के लिए किया मतदान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

इंडियन नेशनल ट्रस्ट फ़ॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज के भीलवाड़ा चेप्टर सदस्यों ने रविवार को इन्टैक गवर्निंग कौंसिल मेम्बर चुनाव के लिए मतदान किया। इन्टैक के चेप्टर कन्वीनर बाबूलाल जाजू ने बताया कि मतदान के पश्चात सभी मतपत्र सील बंद कर नई दिल्ली हेड ऑफिस भिजवाये गये जहां देश भर से आने वाले मतों की गिनती की जायेगी और उसके बाद गवर्निंग




कोन्सिल के नये सदस्यों की घोषणा की जायेगी। जाजू ने बताया कि होटल नंदिनी में सुबह 11.30 बजें हुए मतदान में कन्वीनर बाबूलाल जाजू, को कन्वीनर श्यामसुंदर जोशी, गुमान सिंह पीपाड़ा, दिलीप गोयल, ओम प्रकाश हिंगड़, गोपाल नारायणीवाल, राजकुमार बुलिया, आर एल दरगड, संदीप पोरवाल, मुकेश अजमेरा, विद्यासागर सुराणा, भगवान सिंह, सुरेश सुराना, गौरी शंकर सांखला, रामगोपाल अग्रवाल, राकेश बंब, अब्बास अली बोहरा, हरक लाल विश्नोई, देवेंद्र देराश्री सहित अन्य सदस्यों ने मतदान कर विचार व्यक्त किये।

# वेदांत आश्रम में भव्य फागोत्सव , गुलाल और भक्ति से सराबोर हुआ माहौल

**भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा ।**

**गोपाल तिवारी।** आधा माला स्थित वेदांत आश्रम में महर्षि दधीचि ज्योतिष अनुशासन परिषद के तत्वाधान एवं अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ के सानिध्य में आयोजित भव्य फागोत्सव ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। श्रद्धालुओं की अपार भीड़, गूंजते जयकारे और भक्तिमय वातावरण ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार, संगीतमय भजन-कीर्तन एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया।



नागेश्वर दाधीच एवं सांवर दाधीच की सुमधुर भजन प्रस्तुतियों ने पंडाल में भक्ति रस की सरिता प्रवाहित कर दी। श्रद्धालु तालियों और जयकारों के साथ झूम उठे।दाधीच समाज की महिलाओं एवं बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तजनों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। भजनों पर नृत्य, गुलाल और पुष्पवर्षा ने वातावरण को ब्रजधाम जैसा दिव्य बना दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सैकड़ों दीपों से सुसज्जित भव्य महाआरती रही। शंखनाद और एक स्वर में गूंजती आरती से पूरा आश्रम दिव्य प्रकाश से आलोकित हो उठा। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ज्योति तिवाड़ी ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, संस्कार और आध्यात्मिक जागृति का संचार करते हैं। कृतिका तिवारी ने फागोत्सव को प्रेम और सौहार्द का प्रतीक बताया।

# डब्ल्यू-26 सामूहिक कला प्रदर्शनीः भीलवाड़ा में पहली बार अंतरराष्ट्रीय कला का संगम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर शहर में पहली बार अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की कलाकृतियां एक ही छत के नीचे देखने को मिलेंगी। दीपिका आर्ट एकेडमी, नेशनल आर्टिस्ट एसोसिएशन एवं नवदीप के संयुक्त तत्वावधान में 'डब्ल्यू-26 सामूहिक कला प्रदर्शनी' का आयोजन किया जा रहा है।

आर्ट एकेडमी की निदेशक दीपिका पाराशर ने बताया कि प्रदर्शनी 8 मार्च से 12 मार्च तक आयोजित होगी। 8 मार्च को सुबह 10 बजे इसका



विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य भीलवाड़ा में अंतरराष्ट्रीय कला संवाद को बढ़ावा देना तथा महिला दिवस के अवसर पर सृजनात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना है।

नेशनल आर्टिस्ट एसोसिएशन के क्यूरेटर अतुल पड़िया के अनुसार प्रदर्शनी में देश-विदेश के 40 कलाकारों की कृतियां प्रदर्शित होंगी। इसमें चित्रकला, मूर्तिकला, प्रिंटमेकिंग, फोटोग्राफी, डिजिटल आर्ट और मिक्स मीडिया जैसी विविध विधाओं के उत्कृष्ट कार्य शामिल रहेंगे।

प्रदर्शनी में फ्रांस, जापान, इटली, बांग्लादेश, ईरान, नेपाल, क्रोएशिया, इजराइल सहित भारत के कोलकाता, लुधियाना, पुणे, बड़ौदा, अहमदाबाद, भीलवाड़ा, चंडीगढ़, जयपुर, जम्मू-कश्मीर, कल्याणी और जलगांव से कलाकार अपनी कलाकृतियां प्रस्तुत करेंगे।

# जरूरतमंदों को राशन सामग्री वितरण, सेवा का संदेश




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जीव मैत्री सेवा संस्थान एवं शांत क्रांति महिला मंडल द्वारा राम रहीम सेवा समिति के तत्वावधान में जरूरतमंद माताओं एवं बहनों के लिए राशन सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत एक गुप्त दानदाता के सहयोग से आवश्यक खाद्य सामग्री वितरित की गई।

संस्थान के अध्यक्ष हेमंत कोठारी एवं महामंत्री गुणमाला बोहरा ने बताया कि संस्था समय-समय पर प्राणी मात्र की सेवा के उद्देश्य से विभिन्न सेवा कार्य करती रही है और आगे भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

मनीष बम्ब ने बताया कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही सच्ची सेवा है। जब तक आसपास कोई जरूरतमंद है, तब तक अपनी सामर्थ्य अनुसार सहयोग करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है।

कार्यक्रम में लीला कोठारी, नेहा छाजेड़, सीमा डांगी, सरोज लोढ़ा, अलका बम्ब, मंजू कोठारी, सरोज छाजेड़, वनिता चंडालिया, निर्मल जैन, सपना जाट, राजाराम शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। संचालन नेहा छाजेड़ ने किया।

# नेत्र परीक्षण शिविर में 225 रोगियों की जांच, 46 मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कोली समाज विकास ट्रस्ट एवं गोमाबाई नेत्र चिकित्सालय, नीमच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर में 225 रोगियों की निशुल्क जांच की गई। शिविर में 46 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका ऑपरेशन 9 एवं 10 मार्च 2026 को गोमाबाई चिकित्सालय, नीमच में निशुल्क किया जाएगा।

शिविर का शुभारंभ होली महोत्सव के क्रम में किया गया। इस अवसर पर समाज के पंचों ने डॉ. सुनिधि गौतम, लोकेश जैन, हेमंत पुरसवानी, विवेक सिंह, लक्ष्मी बैरागी, तरुण सिंह, धनराज गुर्जर, सपना सुरागी, चारु पंवार, अरुण मालवीय, यशपाल सिंह, ललित टेलर सहित गोमाबाई नेत्र चिकित्सालय नीमच की टीम का तिलक लगाकर एवं मारवाड़ी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

सचिव मुरलीधर लोरवाडिया ने बताया कि मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गई



तथा 70 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। चिकित्सा मंत्री शंकरलाल बोथेडिया ने बताया कि चिन्हित 46 मोतियाबिंद मरीजों के ऑपरेशन निर्धारित तिथियों पर निःशुल्क किए जाएंगे।

भामाशाह बालूलाल बछापरिया ने बताया कि शिविर में भीलवाड़ा सहित सुवाणा, रूपाहली, ढिकोला, शाहपुरा, मांडल, बनेड़ा एवं पुर क्षेत्र से आए लोगों ने नेत्र जांच करवाई।

शिविर में संरक्षक बालूलाल बछापरिया, रामलाल तलाया, डालचंद बछापरिया, उपाध्यक्ष मोतीसिंह मंडिया, उस्ताद बुद्धिप्रकाश बछापरिया, देवीलाल गड़ोरिया, राकेश सोनू, सुनील, गोपाल, उदयलाल, हेमराज सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

# श्री शांतिनाथ मंडल विधान पूजा आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में श्री शांतिनाथ मंडल विधान पूजा उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। विधान में बड़ी संख्या में इंद्र- इंद्राणियों ने हिस्सा लिया।

प्रारंभ में पं. वैभव टेमाणी मालपुरा के निर्देशन में राजेंद्र कुमार, चेतन कुमार, अनीता, ऋषभ, नेहा अग्रवाल परिवार ने विधि- विधान पूर्वक मंत्रोचार द्वारा विधान पर मंगल कलशो की स्थापना की। संगीत एण्ड पार्टी की स्वर लहरियों में विधान शुरू हुआ। जिसमें श्रावक-श्राविकाओं ने भक्ति पूर्वक 120 अर्ग समर्पण किये।पुरुष- महिलाएं भक्ति गीतों के साथ नृत्य करते वातावरण को धर्ममय बना दिया। समापन पर सभीजनों ने जिनेंद्र देव की महा आरती की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्मालुगण उपस्थित रहे ।

# 2 मार्च को होलिका दहन, 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के चलते मंदिर रहेंगे बंद

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पर्व 2 मार्च, सोमवार को मनाया जाएगा। होली को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है और ग्रामीण रंग, गुलाल व पूजन सामग्री की खरीदारी में जुटे हुए हैं। बच्चों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

पंडित चांदमल उपाध्याय ने बताया कि सोमवार शाम 7:15 बजे होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रहेगा। इस अवसर पर विधि-विधान से पूजन कर होलिका दहन किया जाएगा। उपाध्याय में बताया कि 3 मार्च, मंगलवार को चंद्र ग्रहण होने के कारण दिनभर मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। सुबह



7:30 बजे से पहले पूजा-अर्चना संपन्न की जाएगी। इसके बाद सूतक काल समाप्त होने पर शाम 7 बजे मंदिरों में शुद्धिकरण के पश्चात पुनः पूजा-अर्चना की जाएगी।

क्षेत्र में पारंपरिक रूप से रंगों की होली शीतला सप्तमी के अवसर पर 11 मार्च, बुधवार को मनाई जाएगी। त्योहार को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और धार्मिक वातावरण बना हुआ है।

## QUICK BITES

### दुर्गावाहिनी द्वारा 'द केरल स्टोरी 2' का विशेष शो कल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




विश्व हिंदू परिषद की युवा महिला शाखा दुर्गावाहिनी, भीलवाड़ा महानगर द्वारा मंगलवार को द केरला स्टोरी 2 का विशेष शो आयोजित किया जाएगा। यह शो दोपहर 3:30 बजे रखा गया है।


दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका सोनाली जांगिड़ ने बताया कि फिल्म प्रदर्शन का उद्देश्य धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे मुद्दों को लेकर हिंदू बहनों में जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि फिल्म की रिलीज़ के दौरान भी बहनों द्वारा सक्रिय सहभागिता निभाई गई तथा समर्थन में अभियान चलाया गया।

आयोजकों के अनुसार फिल्म में पिछले एक वर्ष में सामने आई 15 कथित घटनाओं का उल्लेख किया गया है, जिनमें कुछ परिवारों ने आरोप लगाया कि हिंदू महिलाओं पर दबाव और उत्पीड़न हुआ, जिसके बाद आत्महत्या जैसी घटनाएं सामने आईं।

महानगर सहसंयोजिका भारती आसवानी, कलावती, अंबिका, वैदेही, संध्या कुशवाह, नव्या, भावना, कामना, अंतिमा शर्मा, मानवी सहित अन्य कार्यकर्ताओं के सहयोग से महानगर के सातों प्रखंडों की बहनों को एकत्रित कर शो में लाया जाएगा।

### नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में फागोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



नर्मदेश्वर (देवरी) महादेव मंदिर परिसर में रविवार को फागोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। फाल्गुन माह के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सपरिवार शामिल हुए और प्रभु के संग अबीर-गुलाल की होली खेलते हुए भक्ति रस में सराबोर नजर आए।

कार्यक्रम दोपहर 12:15 बजे आरंभ हुआ। मंदिर परिसर में फूलों से होली खेली गई, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और रंगमय हो उठा। इसके बाद आयोजित भजन संध्या में भजनों की अमृत वर्षा हुई, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे।

कार्यक्रम का आयोजन नर्मदेश्वर (देवरी) महादेव कमेटी द्वारा किया गया। आयोजन में डॉ. नाना लाल, जगदीश धाकड़, दीपक सोनी, रवि सोनी एवं अशोक धाकड़ सहित कमेटी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### खाटू श्याम भजन संध्या एवं फाग उत्सव श्रद्धा के साथ संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



बापू नगर स्थित बीमा हॉस्पिटल के समीप पंडाल में खाटू श्याम भजन संध्या एवं फाग उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया।

कार्यक्रम में पं. मुकेश लक्षकार के सानिध्य में बाबा श्याम का सुंदर एवं अलौकिक दरबार सजाया गया। प्रारंभ में आयोजनकर्ता राजेंद्र कुमार, चेतन कुमार, श्रीमती अनीता, ऋषभ एवं नेहा अग्रवाल परिवार ने दीप प्रज्वलन कर हवन कुंड में आहुति दी।

इसके पश्चात भीलवाड़ा के सुप्रसिद्ध भजन गायक राकेश वर्मा एवं रणजीत सिंह ने एक से बढ़कर एक मधुर और भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। 'फागुन का नजारा है ', 'आई है खाटू चिट्ठियां ', 'श्याम बाबा ने पुकारा है' और 'वह बुला रहा है, कैसे रोक लूं मैं, तो चल खाटू धाम, साथी हमारा कौन बनेगा' जैसे भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

### चंग की चौपाइयों पर हुआ सुन्दरकाण्ड पाठ, फूलों-गुलाल संग मनाई होली

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



श्रीराम मण्डल सेवा संस्थान द्वारा बापू नगर बी-सेक्टर में होली के पावन अवसर पर चंग की चौपाइयों के साथ सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पन्नालाल चौधरी, आयोजक भिरमाराम चौधरी, संस्था अध्यक्ष शांति प्रकाश मोहता एवं गोपाल गोदारा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

राम दरबार के समक्ष आयोजित इस भक्ति कार्यक्रम में शेखावाटी के कलाकार राजपाल ढाका एंड पार्टी ने चंग की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में धमाल प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। 'पगल्यारी पायल भीजे ', 'जल जमना रो पानी ', 'मंदिर बनगयो राजा राम को धाम' सहित कई भजनों पर श्रोताओं ने जमकर नृत्य किया और फूलों व गुलाल से होली खेली।

कार्यक्रम में सुरेश शर्मा एवं दिनेश लखोटिया ने राम दरबार की सजावट की। अंत में आयोजक भिरमाराम चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।